शनिवार

09 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4

**नल पर लगे दाग को साफ करने में भी कारगर है बेकिंग सोडा**



पृष्ठ 5

**आमिर के साथ पहली बार पर्दे पर नजर आएंगी आलिया**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 71
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94

साध्य दैनिक

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

आपत्तियाँ मनुष्यता की कसौटी हैं। इन पर खरा उतरे बिना कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता।
– पं. रामप्रताप त्रिपाठी

# इस साल सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी चारधाम यात्राः धामी



विशेष संवाददाता

देहरादून। इस साल चारधाम यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। दो साल से कोरोना के चलते प्रभावित रही चारधाम यात्रा के कारण राज्य के पर्यटन को भारी नुकसान पहुंचा है लेकिन इस साल चारधाम यात्रा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी। यह बात आज राजधानी दून में आयोजित टूरिज्म एंव हास्पैलिटी कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कही।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस साल चारधाम यात्रा पर इतने श्रद्धालु आएंगे कि पिछले सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश के लोगों की रोजी-रोटी से जुड़ी है, बीते दो सालों में कोरोना के कारण यात्रा के

**❑ आने वाले दिनों में और बेहतर होगी कनेक्टिविटी**

**❑ महाराज ने बताई हरिद्वार में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की जरूरत**

प्रभावित रहने से सरकार के पर्यटन विभाग और कारोबारियों को बड़ा नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि यात्रा को सफल बनाने के लिए सबके साथ और सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के साथ आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि अब राज्य में जन सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है अच्छी सड़कें है, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं हैं। आने वाले समय में इनमें और भी अधिक सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनने के बाद दिल्ली से देहरादून का सफर दो घंटे में हो सकेगा और लोगों को हवाई जहाज से भी कम समय में दून से दिल्ली पहुंचना संभव हो जाएगा। यही नहीं चारधाम ऑल वेदर रोड और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के बनने के बाद तो पर्यटकों को और आसानी होने वाली है। उन्होंने कहा कि आने वाला दशक उत्तराखंड के विकास का दशक रहने वाला है। इससे राज्य के पर्यटन को सबसे अधिक फायदा पहुंचेगा तथा पहाड़ी व्यंजनों का प्रचार प्रसार बढ़ेगा

इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि कोराना के खत्म होने के बाद श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सारे होटल और हेली सेवाओं की बुकिंग अभी से फुल हो

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# उत्तराखंड को शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र की ओर से हर संभव मदद दी जाएगीः धर्मेन्द्र प्रधान

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री के बीच राज्य में शिक्षा के विकास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।



केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा देवभूमि उत्तराखंड को शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोग मेहनती एवं कर्मशील हैं। प्रदेश के युवाओं की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा राज्य को पूरी मदद दी जाएगी। हुनरमंद लोगों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है। रोजगार के साथ ही युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में स्वरोजगार की ओर लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। केंद्र सरकार का हर क्षेत्र में राज्य को पूरा सहयोग मिल रहा है।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित थे।

# सुरक्षाबलों ने मुठभेड में अनंतनाग व कुलगाम में एक-एक आतंकी को ढेर किया

जम्मू। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में अनंतनाग जिले के सिरहामा इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई । इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के कमांडर निसाद अहमद को ढेर कर दिया है। लश्कर–ए–तैयबा के कमांडर निसार अहमद के अलावा सुरक्षाबलों ने कुलगाम में चल रही मुठभेड़ में भी एक आतंकी को ढेर कर दिया है।

पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने विशेष जानकारी के आधार पर आतंकवादियों की मौजूदगी वाले इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बल आतंकवादियों की छिपी हुई जगह पर पहुंचे, तभी उन्होंने बचाव में गोलीबारी की। इसी के साथ दोनों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

कुलगाम जिले के चाकीसमद इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी जिसमे सुरक्षाबलों ने लश्कर–ए–तैयबा के एक आतंकी को ढेर कर दिया है। पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने विशेष जानकारी के आधार पर आतंकवादियों की मौजूदगी वाले इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया था इसी दौरान आतंकियों ने गोलिबारी शुरू कर दी जो मुठभेड़ में बदल गई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक सेना का सर्च ऑपरेशन जारी था।

# भारत में पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 1150 नए केस

नई दिल्ली। देश में लगातार कम हो रहे कोरोना महामारी के मामलों की खबर राहत देने वाली है। हालांकि कल के मुकाबले आज ४१ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं।

पिछले राष्ट्रीय स्तर पर कोविड के नए मामलों में हो रही गिरावट के चलते देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर ११ हजार ३६५ रह गई है। वहीं कोरोना से रिकवर करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश में पिछले २४ घंटे में १ हजार १५० केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की संख्या ४,३०,३४,२१७ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के १,१५० नए मामले सामने आए हैं। वहीं, ८३ और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर ५,२१,६५६ पर पहुंच गई। वहीं पिछले २४ घंटे में १,१६४ लोग महामारी से ठीक हुई है जिसके बाद अब तक ठीक होने वालों की कुल संख्या ४,२५,०१,१६६ हो गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड–१६ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर ११,३६५ रह गई है, जो कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में १२७ की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ६८.७६ प्रतिशत है। देश में कोविड–१६ से मृत्यु दर १.२१ प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१६ रोधी टीकों की १८५.५५ करोड़ से अधिक खुराक लगाई जा चुकी हैं।

## अब गुजरात में मिला कोरोना का एक्सई वैरिएंट!

नई दिल्ली। मुंबई के बाद गुजरात में भी कोरोना वायरस के एक्सई वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। देश में एक्सई वैरिएंट का यह दूसरा मामला है। हालांकि गुजरात स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक इस वैरिएंट को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गयी है। गुजरात में १३ मार्च को एक शख्स कोविड पॉजिटिव निकला था। लेकिन एक हफ्ते बाद उसका स्वास्थ्य ठीक था लेकिन जब सैंपल के नतीजे आए तो उसमें वो शख्स एक्सई वैरिएंट से संक्रमित पाया गया। अब चिंता की बात ये है कि एक्सई वैरिएंट ओमीक्रॉन के बीए.२ वैरिएंट से १० फीसदी ज्यादा संक्रामक है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार पर बात, लोकायुक्त पर खामोशी

उत्तराखंड की सियासत में इन दिनों भ्रष्टाचार का मुद्दा फिर एक बार चर्चाओं के केंद्र में है। सहकारी बैंकों में अवैध तरीके से की गई भर्तियों के खुलासे के कारण चर्चाओं में आए इस मुद्दे को लेकर बीते कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का एक बयान आया है उन्होंने कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चाहे वह कितने भी बड़े ओहदे पर क्यों न हो? उनका यह बयान स्वागत योग्य है उनके बयान से ऐसा जरूर लगता है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वह संजीता हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सिर्फ बड़े-बड़े दावे और अच्छी-अच्छी बातें ही कही जाती रहेगी या फिर सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भी कुछ पहल करेगी? भ्रष्टाचार को प्रभावी तरीके से रोकने के जो लोकायुक्त और लोकपाल का सुझाव अन्ना हजारे द्वारा सुझाया गया था उसे राज्य में आज तक प्रभावी ढंग से लागू क्यों नहीं किया? मुख्यमंत्री धामी और उनकी सरकार इस दिशा में भी क्या कुछ करेगी? इस पर धामी क्यों खामोश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कल अपने ट्विटर हैंडल से कहा है कि तू भी अन्ना मैं भी अन्ना और मिलकर चूसे गन्ना। भ्रष्टाचार को लेकर अब तक सरकारों का जो रवैया रहा है वह वास्तव में इसी तरह का रहा है। सब भ्रष्टाचार का गन्ना चूसने में मस्त हैं। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत जो भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस को अपनी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते थे और अपने पहले ही विधानसभा सत्र में लोकायुक्त गठन का प्रस्ताव लेकर आए थे उसका आज तक यह पता नहीं है कि वह प्रस्ताव कहां गया और उसका क्या हुआ? उससे भी बड़ी हैरानी की बात है कि वह जिस एनएच 74 के जमीन मुआवजे में हुए घोटाले की सीबीआई जांच कराना चाहते थे उस पर केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के एक घुड़की भरे पत्र के बाद न सिर्फ भ्रष्टाचार पर बात करना भी भूल गए थे बल्कि यह कहने पर मजबूर हो गए थे कि जब राज्य में भ्रष्टाचार ही नहीं रहा तो लोकायुक्त की क्या जरूरत है। धन्य है इस सूबे के नेता जिन्हें भ्रष्टाचार दिखना भी बंद हो जाता है खासतौर से तब जब वह कुर्सी पर होते हैं। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुआ तुम कुम्भ टेंस्टिंग घोटाला या सहकारी बैंक भर्ती घोटाला क्या घोटाला नहीं है। अच्छा हो इस सूबे के नेता भ्रष्टाचार पर बड़ी-बड़ी बातें करने की बजाय इस मुद्दे पर विचार करें कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उन्हें क्या करना है? लेकिन इस तरह की उम्मीद सत्ता में बैठे लोगों से किया जाना बेमानी ही है क्योंकि वह इसे लेकर न पहले कभी गंभीर थे और ना आज हैं।

# घरेलु नौकरानी देने के नाम पर ठगी

संवाददाता

देहरादून। एजेंसी द्वारा भेजी गयी नौकरानी व उसकी साथी 35 हजार रूपये लेकर फरार हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ अपार्टमेंट निवासी रतिका गोयल ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज सुबह अरचना नाम की घरेलु नौकरानी जो कि राधिका मैड ब्यूरो उत्तम नगर दिल्ली में नौकरानी दिलाने के लिए बोला था उसकी और आज आयी थी। सुबह आयी और आज ही फरार हो गयी। एक महिला साथ मे छोडने आयी थी जिसको हमने 53 हजार रूपये नगद दिये थे । जो पैसे लेकर चली गयी जिसमे की 5000 हजार रूपये पे-टम करे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लोक सेवकों के ट्रांसफर को लेकर समय सारणी जारी!

देहरादून (कासं)। वार्षिक स्थानान्तरण सत्र २०२२–२३ के दौरान उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, २०१७ के अनुसार स्थानान्तरण किए जाने के सम्बन्ध में लोक सेवकों के ट्रांसफर को लेकर समय सारणी सरकार ने जारी कर दी है। लोक सेवकों के वार्षिक स्थानान्तरण हेतु वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, २०१७ की धारा २३ के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष सामान्य स्थानान्तरण हेतु समय–सारिणी नियत की गयी है और अधिनियम की धारा २३ के अनुसार राज्य सरकार द्वारा किसी स्थानान्तरण सत्र हेतु समय सारिणी में परिवर्तन किया जा सकता है।

कार्मिक एवं सतर्कता विभाग के शासनादेश संख्या ११६ दिनांक २०.०५.२०२१ द्वारा स्थानान्तरण सत्र २०२०–२०२१ एवं शासनादेश संख्या १३८ दिनांक २४.०५.२०२१ द्वारा स्थानान्तरण सत्र २०२१–२२ के दौरान राज्य में कोविड–१६ के संक्रमण में अप्रत्याशित वृद्धि होने एवं राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के दृष्टिगत स्थानान्तरण सत्र शून्य घोषित किया गया था।वर्तमान में कोविड संक्रमण में कमी होने के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त स्थानान्तरण सत्र २०२२–२३ के दौरान उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, २०१७ के अनुसार सामान्य स्थानान्तरण किए जाने का निर्णय लेकर अधिनियम की धारा २३ के अन्तर्गत वार्षिक स्थानान्तरण हेतु निम्नवत् समय–सारिणी निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# 'आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पावर्स एक्ट' में ढील

वेद प्रताप वैदिक

केंद्र सरकार ने असम, नगालैंड और मणिपुर के ज्यादातर क्षेत्रों से अफ्सपा याने 'आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पावर्स एक्ट' को हटाकर सराहनीय कदम उठाया है। 1958 में यह कानून नेहरु सरकार को इसलिए बनाना पड़ा था कि भारत के इन पूर्वी सीमा के प्रांतों में काफी अराजकता फैली हुई थी। कई बागी संगठनों ने इन प्रांतों को भारत से तोड़ने का बीड़ा उठा रखा था। उन्हें ईसाइयत के प्रचार के नाम पर पश्चिमी मुल्क भरपूर सहायता दे रहे थे और चीन समेत कुछ पड़ौसी देश भी उनकी सक्रिय मदद कर रहे थे। इसीलिए इस कानून के तहत भारतीय फौज को असाधारण अधिकार प्रदान कर दिए गए थे। इन क्षेत्रों में नियुक्त फौजियों को अधिकार दिया गया था कि वे किसी भी व्यक्ति पर ज़रा भी शक होने पर उसे गिरफ्तार कर सकते थे, उसकी जांच कर सकते थे और उसे कोई भी सजा दे सकते थे। उन्हें किसी वारंट या एफआईआर की जरुरत नहीं थी। इन फौजियों के खिलाफ न तो कोई रपट लिखवा सकते थे और न ही उन पर कोई मुकदमा चल सकता था। दूसरे शब्दों में इन क्षेत्रों की जनता 'मार्शल लॉ' के तहत जीवन गुजार रही थी।

कई निर्दोष और निरपराध लोग भी इस कानून की चपेट में आते रहे हैं। लगभग इन सभी राज्यों की सरकारें इस कानून को हटाने की मांग करती रही हैं। इस कानून को हटाने की मांग को लेकर मणिपुर से इरोम शर्मिला नामक महिला ने 16 वर्ष तक लगातार अनशन किया। यह विश्व का सबसे लंबा और अहिंसक अनशन था। हालांकि यह कानून अभी हर क्षेत्र से पूरी तरह नहीं हटाया गया है, फिर भी ६० प्रतिशत क्षेत्र इससे मुक्त कर दिए गए हैं। पिछले 7-8 सालों में उग्रवादी हिंसक घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी हुई है। सैनिकों की मौत में ६० प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 84 प्रतिशत कमी हो गई है। पिछले साल 4 दिसंबर को नगालैंड के मोन जिले में फौज के अंधाधुंध गोलीबार से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना ने उक्त कानून की वापसी की मांग को काफी तेज कर दिया था। सच्चाई तो यह है कि पूर्वी सीमांत के इन इलाकों में इस तरह का कानून और पुलिस का निरंकुश बर्ताव अंग्रेजों के जमाने से चल रहा था। केंद्र की विभिन्न सरकारों ने समय-समय पर इस कानून में थोड़ी-बहुत ढील तो दी थी लेकिन अब केंद्र सरकार ने इसे पूरी तरह से हटाने का रास्ता खोल दिया है। पिछले कुछ वर्षों में इन इलाकों के लगभग ७०,००० उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण किया है। लगभग सभी राज्यों में भाजपा या उसकी समर्थक सरकारें हैं याने केंद्र और राज्यों के समीकरण उत्तम है। २०२० का बोदो समझौता और २०21 का कर्बी-आंगलोंग पेक्ट भी शांति की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह खुद इन क्षेत्रों के नेताओं के बीच काफी सक्रिय हैं। यही प्रक्रिया चलती रही तो अगले कुछ ही वर्षों में ये सीमांत के क्षेत्र भी दिल्ली और मुंबई की तरह संपन्न हो सकेंगे।

# सबसे अहम रूस से दोस्ती!

अब यह साफ हो चुका है कि जब बात रूस की आए, तो भारत पश्चिमी देशों की भावना का ख्याल करने के बिल्कुल मूड में नहीं होता। बल्कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंध से जो संकट खड़ा हुआ है, भारत उसका पूरा फायदा उठा रहा है। भारत सरकार की ये नीति देश में बड़ी संख्या में लोगों को रास भी आ रही है।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत आए। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद रूस और भारत के बीच रिश्ते सारी दुनिया में चर्चित रहे हैँ। अब यह साफ हो चुका है कि जब बात रूस की आए, तो भारत पश्चिमी देशों की भावना का ख्याल करने के बिल्कुल मूड में नहीं होता। बल्कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंध से जो संकट खड़ा हुआ है, भारत उसका पूरा फायदा उठा रहा है। खास बात यह है कि भारत सरकार की ये नीति देश में बड़ी संख्या में लोगों को रास आ रही है। गौरतलब है कि पश्चिमी देश लगातार भारत को रूस के प्रति अपना रुख कड़ा करने की अपील कर रहे हैं। लेकिन भारत सरकार का रुख है कि वह अपने हितों को प्राथमिकता देना जारी रखेगी। तो पहले रक्षा सौदों पर बात हुई, फिर सस्ते दामों पर रूसी तेल खरीदने पर, और अब कोयले की खरीदारी बढ़ाने पर चर्चा चल रही है। केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने दो टूक कहा- हम रूस से कोकिंग कोयला आयात करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। भारत पहले से ही रूस से इसे आयात करता रहा है।

अब भारत ने रूसी कोकिंग कोयले के आयात को दोगुना करने की योजना बनाई है। एक कंसल्टेंसी कंपनी र के अनुसार इस महीने कम से कम १० लाख टन कोकिंग कोयला और थर्मल कोयला समुद्र के रास्ते भारतीय बंदरगाहों तक पहुंचा दिया जाएगा। इतनी बड़ी मात्रा में रूसी कोयला जनवरी २०२० के बाद भारत में नहीं आया। कोकिंग कोयले का इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और थर्मल कोयले का बिजली बनाने के लिए। रूस भारत के लिए इन दोनों का छठा सबसे बड़ा सप्लायर है। व्यापारियों का कहना है कि प्रतिबंधों की वजह से यूरोपीय और दूसरे ग्राहकों ने रूस से दूरी बना ली है। ऐसे में रूस चीनी और भारतीय ग्राहकों को और सस्ते दामों की पेशकश कर सकता है। रुपये-रूबल व्यापार के इस्तेमाल से इस व्यापार को और मजबूत भी किया जा सकता है। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत सरकार रुपये-रूबल व्यापार को फिर से शुरू करने पर विचार कर रही है। इसे वैश्विक कारोबार में डॉलर के वर्चस्व के लिए तगड़ा झटका माना गया है। (आरएनएस)

ये के च ज्मा महिनो अहिमाया दिवो जज्ञिरे अपां सधस्थे।
'ते अस्मभ्यमिषये विश्वमायुः क्षप उस्रा वरिवस्यन्तु देवाः।।

(ऋग्वेद ६–५२–१५)

वो सभी देवता पृथ्वी, द्युलोक और अंतरिक्ष से दिन–रात हमारे आरोग्य, आयु और विज्ञान की वृद्धि करते हैं। वे सभी हमारे सत्कार के योग्य हैं।

All those Devta who, from earth, middle space, and space, augment and develop our health, age, and science day and night. They all deserve our respect. (Rig Veda 6-52-15)

# मारपीट में मां-बेटे के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (संवाददाता)। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मां बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीठ वाली गली सेलाकुई निवासी महिला ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले शाकिर की पत्नी मेहफुदा व उसका बेटा निजाम उसके घर में घुस आये और गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग बीच बचाव करने आये तो दोनों उसको जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# झलक ऐरा एग्जीबिशन 10 व 11 अप्रैल को दून में

हमारे संवाददाता

देहरादून। पिछले 8 वर्षों से लगातार शहर की सबसे बड़ी एग्जिबिशन के नाम से मशहूर झलक एरा एग्जीबिशन 10 व 11 अप्रैल को मधुबन होटल में होने जा रही है।

इस बात की जानकारी देते हुए झलक एरा की डायरेक्टर मीनाक्षी गोयल अग्रवाल ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से झलक एरा वर्ष में दो बार एग्जिबिशन करता रहा है। पिछले 2 वर्षों से कोविड के चलते सभी लोगों को निराशा हाथ लगी और लंबे समय से इंतजार था कि एक बार फिर कब मध्यम वर्गीय बिजनेस करने वाली महिलाओं को ऐसा एक प्लेटफार्म मिले कि जहां वे अपने उत्पाद प्रस्तुत कर सकें। मीनाक्षी ने बताया कि झलक एरा एग्जिबिशन में सम्पूर्ण भारत से महिलाएं अपने-अपने उत्पाद प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए राजधानी देहरादून पहुंच रही है। यही नहीं यहां पर आने वाले लोगों के लिए इस बार खासे इंतजाम किए गए हैं जिनमें सभी महिलाओं को 2 दिन मुफ्त मेहंदी लगाई जाएगी। वही बच्चों के लिए आर्ट कंपटीशन का भी आयोजन किया गया है। बताया कि पिछली एग्जीबिशन की तरह इस बार भी ड्रम सर्कल का आयोजन किया गया है वहीं महिलाओं के लिए हाउजी भी रखी गई है जिसमें महिलाएं एक से बढ़कर एक इनाम जीतने का मौका पा सकती हैं। बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा किया जाएगा।

# शराब के दामों में वृद्धि, क्या शराब तस्करों को दिया जा रहा न्यौता?

संवाददाता

देहरादून। प्रदेश में शराब के दामों में एकदम हुई वृद्धि से शराब के शौकिनों की जेबों पर ढाका पडने लगा है। जिससे यह बात तो साफ हो रही है कि प्रदेश में बाहरी प्रदेशों (हरियाणा, पंजाब, हिमाचल) की शराब को यहां न्यौता दिया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो फिर एक बार शराब तस्कर सक्रिय हो सकते है?

उल्लेखनीय है कि पूर्व में आबकारी विभाग में मार्च माह में शराब की दुकानों की नीलामी की व्यवस्था थी लेकिन त्रिवेन्द्र रावत सरकार ने इस व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए एक साल की जगह दो साल के लिए शराब की दुकानों को लाईसेंस देने की व्यवस्था कर दी थी लेकिन उसमें यह बात जोड दी गयी थी कि प्रत्येक वर्ष शराब कारोबारी 15 प्रतिशत रेट बढा सकते हैं। इस व्यवस्था के चलते मार्च माह खत्म होते ही शराब कारोबारियों ने शराब के रेट बढा दिये। जिसके कारण शराब के शौकिनों को धक्का लगा है। शराब के रेट बढने से चीप ब्रांड भी बिकने शुरू हो गये। लेकिन यह प्रदेश के लिए सही संकेत नहीं है। उत्तराखण्ड में आबकारी नीति क्या है इसके बारे में तो प्रदेश सरकार ही अच्छे तरीके से समझती होगी लेकिन उत्तराखण्ड से लगे हरियाणा, हिमाचल प्रदेश की आबकारी नीति में ऐसा क्या है कि वहां पर शराब के दाम उत्तराखण्ड से कम होते है। हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ, हिमाचल प्रदेश इन जगहों पर उत्तराखण्ड से सस्ते दामों में शराब बिकती है। यही वजह है कि वहां से शराब की तस्करी होती है। उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखण्ड के पहाडी जनपदों में इन राज्यों की शराब की तस्करी पूर्व में जोरों पर चलती थी लेकिन कुछ वर्षो से बाहरी राज्यों से आने वाली शराब पर काफी हद तक रोक लग गयी थी तथा कई शराब तस्कर शराफत की जिन्दगी जीने लग गये थे। वर्तमान की स्थिति को देखते हुए यह बात सामने आ रही है कि प्रदेश में शराब के दामों में ऐसे ही बढोत्तरी होती रही तो वह दिन दूर नहीं है कि शीघ्र ही यहां पर भी शराब तस्कर एक बार फिर सक्रिय हो जायेंगे तथा एक बार फिर हिमाचल, हरियाणा आदि राज्यों की शराब उत्तराखण्ड में पहुंचनी शुरू हो जायेगी। इस तरफ सरकार को एक बार ध्यान देना होगा। क्योंकि एक बार शराब की तस्करी शुरू हो गयी तो नकली शराब की खेप भी यहां पहुंच सकती है तथा वह यहां के युवाओं के लिए घातक साबित हो सकती है? इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना होगा और शराब के दामों पर लगाम लगानी होगी।

# 19 पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



नैनीताल। शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर रात 19 पेटी अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना बेतालघाट पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक शराब तस्कर द्वारा एक दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का जखीरा एकत्र किया गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान ग्राम चापड़ स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान के पीछे बनी दुकान में छापेमारी कर 19 पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक व्यक्ति को धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम भाष्कर सिंह मेहरा पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम जाजर पोस्ट क्विड़ा थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण

संवाददाता

पिथौरागढ। पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु ऐपण कला से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यहां यूपीडब्लूडब्लूए की अध्यक्षा, डा0 अलकनन्दा अशोक, की प्रेरणा से पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में, जिलाध्यक्ष यूपी डब्लूडब्लूए डॉ0 शिखा ठाकुर, धर्मपत्नी पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ के पर्यवेक्षण में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन, नरेन्द्र कुमार आर्या, दरोगा ऊषा देव व हैडकांस्टेबल विनीता महर के सहयोग से पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य से 6 अप्रैल से पुलिस लाईन पिथौरागढ़ में ऐंपण कला से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें सरस बाजार पिथौरागढ़ से ऐंपण कलाकार निशु पुनेठा द्वारा पुलिस परिवार की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की ऐंपण कला जैसे ऐंपण वॉल पेन्टिंग, ऐंपण नेम प्लेट, ऐंपण राखियां तथा ऐंपण डायरी आदि अन्य सजावट की सामग्रियां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण से महिलाओं के चेहरे में काफी खुशी व आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है । महिलाओं द्वारा उपवा की इस पहल के लिए प्रदेश अध्यक्षा व जिला अध्यक्षा (उपवा) का आभार प्रकट किया गया।

# कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया एनएसयूआई का स्थापना दिवस

विशेष संवाददाता




देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय गीत गाकर मनाया गया।

इस अवसर पर लाल चंद शर्मा नें स्व. श्रीमती गांधी को याद कर नए छात्रों को संगठन के विचारों से अवगत कराया। साथ ही इन विचारों को सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसमें बड़ी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक विकास नेगी नें कहा की एनएसयूआई भारत का ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जोकि समय-समय पर छात्रों के अधिकारों की मांगों को लेकर उनकी आवाज बुलंद करता आया है।

उन्होने बताया कि नौ अप्रैल, 1971 को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की नींव भारत की पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रखी थी। उनका इस संगठन को बनाने का उद्देश्य देश को युवा नेतृत्व प्रदान करना था। उनकी इसी दूरदर्शी सोच के कारण आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से इस देश को बड़े-बड़े नेता मिले हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई उदित थपलियाल ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के हितों की लड़ाई लड़ती आई है तथा आगे भी छात्रों के हितों में लड़ाई लड़ते रहेंगे व हमारा संगठन छात्रों के मुद्दों को सरकार व प्रशासन के समक्ष जोरों-शोरों से रखेगी। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन तिरंगे को अपना आदर्श मानता है तथा यह एकमात्र ऐसा संगठन है जिसकी विचारधारा इस देश को जोडने का काम करती है तथा कट्टरपंथी सोच से हटकर सभी जाति धर्मों को एक समानता भाव से लेकर साथ चलता है। आज देश के अंदर ऐसे विचारधारा के लोग सत्ता में बैठे है जो विचारधारा एक कट्टरपंथी सोच को लेकर चलती है तथा जाती धर्म के नाम पर देश को बांटने का काम कर रही है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अपनी विचारधारा को घरों-घरों तक पहुंचाएगी तथा देश में कट्टरपंथी सोच वाले सत्ताधारियों को उखाड़ फेंकेगी।

इस अवसर पर अभिशेक डोबरियाल, सिद्धार्थ, कु. दिव्या रावत, मीनाक्षी सिन्हा, हर्शिता, एष्वर्या, हरजीत सिह, नमन शर्मा, अरूण टम्टा, शीतल रावत, वैभव, बुशरा, बलबीर, उत्कर्श, नूर मोहम्मद फरीदी, अभिशेक रावत, हेमन्त सोनी, आदित्य आदि छात्र मौजूद रहे।

# शहीद क्लासिक 2022 बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 11 अप्रैल को

संवाददाता



देहरादून। उत्तराखण्ड शहीद क्लासिक 2022 बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 11 अप्रैल को जोगीवाला के एक वैडिंग प्वाइंट में होगा।

आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के आयोजक राहुल रांगड व नवनी रमोला ने बताया कि शहीद क्लासिक प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी सोमवार 11 अप्रैल को संस्कार वेडिंग प्वाइंट जोगीवाला में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय जिम संचालकों एवं अन्य सहयोगियों के सौजन्य से इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रात: दस बजे से शुरू होगा व दो बजे तक प्रतिभागियों का पंजीकरण एवं भार तोलन करके उन्हे विभिन्न प्रतिस्पर्धा वर्गो में बांटा जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गो के अनुरूप प्रतिस्पर्धा का आयोजन भार तोलन के पश्चात दोपहर तीन बजे से सांय आठ बजे तक होगा।

कार्यक्रम में महापौर सुनील उनियाल गामा व डोईवाला के विधायक ब्रिजभूषण गैरोला विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 'चैपियन ऑफ चैपियन' को 51 हजार रूपये की नगद धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी व अन्य भार वर्गो में जीत हुए प्रतिभागियों के लिए प्रथत, द्वितीय व तृतीय विजेता हेतु नगद पुरस्कार का प्रयोजन है। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को हैल्थ सप्लीमेंट, मैडल, ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में उत्तराखण्ड के लेखराज गुरूंग, तरूण भाटिया, राहुल बिष्ट, अमित ध्यानी शामिल होंगे।

# कृषि मंत्री ने कन्याओं का पूजन कर माता का आशीर्वाद लिया

संवाददाता



देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नवरात्र की अष्टमी तिथि पर दुर्गा स्वरूपी कन्याओं का पूजन कर माता शक्ति का आशीर्वाद लिया।

आज यहां अष्टमी पूजन कर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मां दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी को अमोघ फलदायिनी माना जाता है। माता का यह वर्ण पूर्णत: गौर है। शंख, चंद्र और कुंद के फूल से सुशोभित माता के समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं। जिसकी पूजा व उपासना से सुख और शांति मिलती है। भक्तों के लिए माता का यह रूप अन्न पूर्णा के समान है। अष्टमी तिथि पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपनी पत्नी, पुत्र तथा पुत्रवधु व अन्य पारिवारिक सदस्यों सहित अपने आवास पर कन्याओं को भोग लगाकर माता के स्वरूप कन्याओं की पूजा की। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था और श्रद्धा स्वरूपज हमारे त्यौहार समाज को बड़ा संदेश देते हैं। आज के अधुनिक समाज में नवरात्र और अष्टमी पूजन जैसे त्यौहार बेटियों को बेटों के बराबर ही स्थान एवं महत्व और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने और उनका सम्मान करने व बेटियों के संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार माता दुर्गा ने अपने अनेक शक्ति के रूपों में आसुरी शक्तियों का संहार किया है। इसलिए नारी को शक्ति के रूप में सम्मान दिया गया है।

# कपूर खानदान के पुश्तैनी घर में होगी रणबीर-आलिया की शादी !

आजकल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी की खबरों से गपशप गली गुलजार है। पिछले दिनों रणबीर ने भी आलिया से शादी की खबर पर मुहर लगाई थी। हालांकि, उन्होंने इस साल अप्रैल में शादी करने की खबर को नकार दिया था। अब उनकी शादी से जुड़ीं नई जानकारियां सामने आई हैं। शादी की तारीख तो सामने नहीं आई है, लेकिन यह जरूर पता चला है कि दोनों कहां शादी करने वाले हैं।

बॉलीवुड में जहां इन दिनों डेस्टिनेशन वेडिंग का चलन है, वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया और रणबीर की शादी मुंबई में ही होगी। बॉलीवुड की दूसरी जोड़ियों की तरह दोनों शहर के किसी फाइव या सेवन स्टार होटल में शादी नहीं करेंगे, बल्कि कपूर खानदान के पुश्तैनी घर आरके हाउस में अपने रिश्ते को शादी का नाम देंगे। जिस दिन से रणबीर ने शादी करने का फैसला किया, उसी दिन से उनका वेन्यू तय हो चुका था।

45० लोगों को उनकी शादी का न्योता दिया गया है। कपूर खानदान में सभी लोगों को बोल दिया गया है कि वे अप्रैल के दूसरे हफ्ते में फ्री रहें। शादी के लिए आरके हाउस रणबीर ने फाइनल किया है। दरअसल, रणबीर अपनी दादी कृष्णा राज कपूर के काफी करीब थे। उनके माता-पिता ऋषि कपूर और नीतू की शादी 2० जनवरी, 198० को आरके हाउस में हुई थी, इसलिए रणबीर भी चेंबूर के घर में अपनी शादी रचाना चाहते हैं।

कहा जा रहा है कि रणबीर-आलिया की शादी अप्रैल के दूसरे हफ्ते में आलिया के नाना नरेंद्र नाथ राजदान के कारण की जा रही है। दरअसल, वह पिछले काफी दिनों से बीमार हैं। हालांकि, अभी दोनों परिवारों ने इस मामले पर चुप्पी साधी हुई है।

रणबीर-आलिया 2०18 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सोनम कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में दोनों ने पहली बार एकसाथ सार्वजनिक रूप से मौजूदगी दर्ज कराई थी। अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र के सेट पर दोनों के बीच प्यार पनपा था। आलिया का कहना है कि 11 साल की उम्र से ही उनका रणबीर पर क्रश था। उनके कमरे में रणबीर की तस्वीरें हुआ करती थीं। उन्होंने रणबीर को पहली बार फिल्म ब्लैक के सेट पर देखा था।

फिल्म ब्रह्मास्त्र के जरिए रणबीर और आलिया अपने करियर में पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। पिछले महीने के अंत में ही इस फिल्म की शूटिंग पूरी हुई है। इस चुनौतीपूर्ण सफर को पूरा करने में दोनों ने अपने पांच साल दिए हैं। ब्रह्मास्त्र पौराणिक कथाओं और साइंस फिक्शन का मिला-जुला रूप होगा। फिल्म इस साल 9 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म को पांच भारतीय भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा।

# संजय दत्त ने प्रतिदिन 25 किलो का कवच पहनकर की केजीएफ चैप्टर 2 की शूटिंग

चाहे पुष्पा हो या आरआरआर दोनों ही साउथ फिल्मों पर दर्शकों ने दिल खोलकर प्यार लुटाया है। एक ऐसी ही फिल्म है केजीएफ चैप्टर 2, जिसे 14 अप्रैल को पैन इंडिया लेवल पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। क्या आप जानते हैं कि संजय को फिल्म की शूटिंग के लिए प्रतिदिन 25 किलो का भारी कवच पहनना पड़ता था।

रिपोर्ट के मुताबिक, संजय ने प्रतिदिन 25 किलो का कवच पहनकर केजीएफ चैप्टर 2 की शूटिंग पूरी की थी। वाकई भारी-भरकम कवच के साथ फिल्म को शूट करना काफी मुश्किल भरा काम होगा। संजय फिल्म में अधीरा नामक खतरनाक विलेन की भूमिका निभाएंगे। इस भूमिका में खुद को ढालने के लिए उन्हें यह कवच पहनना पड़ा। एक न्यूज पोर्टल को दिए इंटरव्यू में स्टाइलिस्ट नवीन शेट्टी ने इस संबंध में खुलासा किया है।

केजीएफ चैप्टर 2 में संजय को अधीरा के लुक में ढालने की जिम्मेदारी स्टाइलिस्ट नवीन ने संभाली। उनके इस लुक के लिए काफी मेहनत की गई है। शूटिंग के लिए रोज तैयार होने में अभिनेता संजय को करीब एक घंटे का समय लगता था। नवीन का कहना है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि संजय अद्भुत दिखने के साथ एकदम अलग दिखें। वह संजय का ऐसा लुक सामने लाना चाहते थे, जिसकी कोई उम्मीद भी ना कर सके।

केजीएफ चैप्टर 2 में संजय के लुक की बात करें तो वह काफी दमदार नजर आया। फिल्म के ट्रेलर में वह इंटेंस और डरावने अवतार में दिखे। हाथ में तलवार लिए, जालीदार शील्ड पहने और ब्लैक आउटफिट में संजय ने कहर ढा दिया। संजय का हेयरस्टाइल भी बदला-बदला सा दिखा। मुंह पर टैटू और लंबी चोटी में संजय का लुक देखते ही बना। बेहतरीन लुक के पीछे संजय का कमिटमेंट शामिल है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# नल पर लगे दाग को साफ करने में भी कारगर है बेकिंग सोडा



घर में साफ-सफाई के लिए महिलाएं कई जतन करती हैं और खासतौर से बाथरूम पर ध्यान देती हैं ताकि घर आए मेहमानों के सामने कभी शर्मिंदा ना होना पड़े। लेकिन महिलाओं की मेहनत तब विफल हो जाती हैं जब घर में लगे नल खारे पानी की वजह से दाग-धब्बों युक्त हो जाते हैं और भद्दे दिखने लगे हैं। साफ करने के बाद भी ये आसानी से साफ़ नहीं होते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ आसान नुस्खें लेकर आए हैं जिन्हें आजमाकर आप घर में लगे इन नल की सफाई करते हुए नई जैसी चमक दे सकते हैं। इन नुस्खों की मदद से जिद्दी खारे पानी के दाग आसानी से दूर हो जाएंगे। तो आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

बेकिंग सोडा

खाने के अलावा आप बेकिंग सोडा को घर की सफाई में भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह नल पर लगे दाग को साफ करने में भी कारगर माना गया है। 1 कप गुनगुने पानी में 2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर स्प्रे बॉटल में भरें। अब इसे नल पर स्प्रे करें और कुछ देर रहने दें। 1०-15 मिनट के बाद क्लीनिंग या किसी पुराने टूथब्रश से साफ करें। इससे टैप पर जमा गंदगी वह दाग साफ हो जाएगी।

डिशवॉश लिक्विड

आप घर पर इस्तेमाल करने वाले डिशवॉश लिक्विड को नल साफ करने में यूज कर सकती हैं। यह नल पर जमा गंदगी साफ करके उसे एकदम चमकदार बनाएगा। इसके लिए एक बाउल में 1 कटोरी गुनगुना पानी, 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और 2-3 बूंदें डिशवॉश लिक्विड की महिलाएं। मिश्रण को स्पंज में भिगोएं फिर इससे नल की सफाई करें। नल को अंदर से साफ करने के लिए कोई पुराने टूथब्रश यूज करें। कुछ ही मिनटों में आपका नल एकदम नया व चमकदार नजर आएगा।

नींबू और खाने का सोडा

नींबू और खाने का सोडा जिद्दी से जिद्दी दाग छुड़ाने के काम आता है। इसके लिए आप थोड़ा सा सोडा लें उसमें आधा नींबू निचोड़ लें। आप इस मिश्रण को नल के आसपास लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद नल को अच्छे से रगड़ कर साफ करें और साफ पानी से धो दें। अंत में सूखे कपड़े से नल को पोंछना ना भूलें।

टोमेटो सॉस

टोमेटो सॉस का इस्तेमाल भी आप खारे पानी के जिद्दी दाग छुड़ाने में कर सकते हैं। इसके लिए आपको टोमेटो सॉस नल के ऊपर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर टूथ ब्रश की सहायता से रगड़ कर साफ करें। धोने के बाद सूखे कपड़े से पोंछ दें। यह तीनों प्रक्रिया में से कोई भी एक उपाय आप हफ्ते में एक बार जरूर करें।

नींबू या विनेगर

नल पर लगे खारे पानी के जिद्दी दाग हटाने के लिए आप विनेगर या नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नल पर नींबू के रस का या विनेगर का स्प्रे करके 15-2० के लिए छोड़ दें। उसके बाद इसे एक यूज़लेस ब्रश की सहायता से रगड़ के साफ करें।

# पोन्नियिन सेलवन के फिल्मांकन के दौरान मैंने वह सब जीया जिसका मैंने सपना देखा था:कार्थी

अभिनेता कार्थी का कहना है कि निर्देशक मणिरत्नम की आगामी फिल्म पोन्नियिन सेलवन के फिल्मांकन के दौरान उन्होंने जो सपना देखा था, वह उन्होंने जीया है।

पोन्नियिन सेलवन एक शानदार कहानी है जो राजकुमार अरुलमोझी वर्मन के शुरूआती जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। जिन्हें बाद में महान राजा राजा चोजन के रूप में जाना गया। कल्कि की क्लासिक पर आधारित इस फिल्म में कार्थी वंधियाथेवन का मुख्य किरदार निभा रहे हैं।

ट्विटर पर कार्थी ने लिखा, मैं हमेशा से घोड़ों पर मोहित रहा हूं। मैंने काशमोरा के लिए घुड़सवारी सीखी थी। पोन्नियिन सेलवन के फिल्मांकन के दौरान मैंने वह सब जीया, जिसका मैंने सपना देखा था। मणिरत्नम द्वारा के ड्रीम प्रोजेक्ट पोन्नियिन सेलवन में अभिनेता विक्रम, ऐश्वर्या राय, तृषा, कार्थी, जयम रवि, जयराम, पार्थिबन, लाल, विक्रम प्रभु, जयराम, प्रभु और प्रकाश राज सहित कई बड़े सितारे हैं। यह परियोजना देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी। ए.आर. रहमान इस फिल्म मेंसंगीत दे रहे हैं और छायांकन रवि वर्मन द्वारा किया गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कला निर्देशक थोट्टा थरानी प्रोडक्शन डिजाइन के प्रभारी हैं जबकि मणिरत्नम के विश्वसनीय संपादक श्रीकर प्रसाद इसके संपादन का काम संभाल रहे हैं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -90

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## बीस्ट के ट्रेलर ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

अभिनेता विजय ने निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार की विस्फोटक एक्शन थ्रिलर बीस्ट में वीरराघवन नामक एक जासूस की भूमिका निभाई है, जिसकी कहानी एक मॉल के अंदर होती है। फिल्म के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर का एक ट्रेलर जारी किया, जिसमें निर्देशक सेल्वाराघवन को फिल्म में एक वार्ताकार की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। ट्रेलर से पता चलता है कि ईस्ट कोस्ट मॉल नामक एक मॉल को आतंकवादियों ने घेर लिया है और सरकार द्वारा एक वार्ताकार (सेल्वाराघवन) को उनके साथ बातचीत करने के लिए बुलाया जाता है। वार्ताकार को यह जानकर राहत मिली कि सबसे अच्छे जासूसों में माने जाने वाले वीरराघवन (विजय) नामक एक भारतीय सैनिक मॉल के अंदर है। ट्रेलर से पता चलता है कि वीरराघवन मंत्रियों से भी आदेश लेने वाले नहीं हैं। वास्तव में, एक बिंदु पर वार्ताकार उसे अजीब जानवर के रूप में वर्णित करता है। ट्रेलर ने बड़े पर्दे पर इसे देखने के लिए सिनेमाघरों के बाहर इकट्ठा हुए प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। वास्तव में, ट्रेलर को यूट्यब पर रिलीज होने के केवल 15 मिनट में 2० लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। 15 मिनट में ट्रेलर को 2,6०,००० से अधिक लोगों ने लाइक किया। फिल्म, जिसमें पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका निभा रही हैं, 13 अप्रैल को स्क्रीन पर आने वाली है।

## केजीएफः चैप्टर 2 का मेटावर्स केजीएफवर्स के रूप में जल्द होगा लॉन्च

यश-स्टारर केजीएफ: चैप्टर 2 अपनी रिलीज की ओर बढ़ रहा है, निर्माताओं ने फिल्म को एक विशिष्ट तरीके से प्रचारित करने की योजना बनाई है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर केजीएफ मेटावर्स की घोषणा की, जिसका शीर्षक केजीएफवर्स है। निर्माता केजीएफ: चैप्टर 2 के लिए मेटावर्स जारी करेंगे, जो लोगों को अपने स्वयं के अवतार बनाने का मौका देगा। विविध, विशिष्ट अवतारों के साथ, उपयोगकर्ता केजीएफ की दुनिया का पता लगाने में सक्षम होंगे। निर्माताओं ने लिखा कि मेटावर्स जल्द ही रॉकी की दुनिया होगी। 7 अप्रैल को एक भव्य प्रविष्टि के लिए तैयार हो जाइए। ऑफर जल्द ही बंद हो जाएगा। प्रचार के इन अनूठे तरीकों से फिल्म को हइप मिलेगी। केजीएफ- चैप्टर 2 कन्नड़ सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक केजीएफ का सीक्वल है। मूल रूप से कन्नड़ में बनी फिल्म केजीएफ: चैप्टर 2 तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होनी है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त फिल्म में एक शानदार भूमिका में नजर आने वाले हैं, जबकि रवीना टंडन की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## विक्रम-वेधा फिल्म के लिए ऋतिक ने बदला अपना लुक, वायरल हो गई तस्वीर

अभिनेता ऋतिक रोशन बहुत जल्द फिल्म विक्रम वेधा में दिखाई देने वाले है। ये मूवी तमिल मूवी विक्रम वेध का हिंदी रीमेक कही जा रही है। फिल्म की शूटिंग शुरू भी हो गई है। मूवी में सैफ अली खान और राधिका आप्टे भी लीड रोल में दिखाई देने वाले है। फिल्म में सैफ विक्रम के किरदार में दिखाई देने वाले है और ऋतिक वेधा का रोल प्ले करने वाले है। हाल ही में अभिनेता ने वेधा लुक में अपनी कुछ फोटोज साझार की हैं, जो खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में ऋतिक ब्लैक टी-शर्ट और जींस में दिखाई दे रहे है। इसके साथ एक्टर ने ब्लैक चश्मा पहन रखा है। लंबे बाल और बड़ी हुई दाढ़ी में एक्टर हैंडसम दिख रहे है। ऋतिक ने अपने बालों को पोनीटेल भी बांध रखी है। अभिनेता जबरदस्त अंदाज में कैमरे के सामने पोज देते हुए नज़र आ रहे है। तस्वीरें शेयर करते हुए ऋतिक ने लिखा- आंतरिक वेधा को प्रसारित करते हुए। फैंस इन फोटोज को खूब लाइक और कमैंट्स भी कर रहे हैं। बता दें विक्रम वेधा में ऋतिक नेगेटिव रोल में दिखाई देने वाले है। इस मूवी को पुष्कर और गायत्री की जोड़ी कर रही है डायरेक्ट कर रही है। इन्होंने ऑरिजिनल फिल्म का भी निर्देशन और लेखन किया था।

## तुलसी कुमार अपने अगले सिंगल जो मुझे दीवाना करदे की रिलीज के लिए तैयार

गायिका तुलसी कुमार ने रोहित खंडेलवाल अभिनीत अपने अगले एकल जो मुझे दीवाना करदे के लिए, नृत्य उस्ताद गणेश हेगड़े के साथ मिलकर काम किया है। यह पहली बार है, जब तुलसी हेगड़े के साथ सहयोग कर रही है। तुलसी ने कहा, जो मुझे दीवाना करदे जैसे गाने पर काम करना एक शानदार अनुभव रहा है, क्योंकि कोरियोग्राफी मेरे व्यक्तित्व और गीत के माध्यम से निभाए गए चरित्र के अनुरूप है। यह मेरा पहला आधिकारिक नृत्य वीडियो होगा और इससे बेहतर और क्या हो सकता है। वह पहले दिन से ही वीडियो के पूरे विजुअलाइजेशन में शामिल थे और इस वीडियो की शूटिंग की प्रक्रिया के माध्यम से मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं एक प्रशिक्षित डांसर नहीं हूं, लेकिन मैंने डांस को सही करने के लिए पूर्वाभ्यास किया है। हेगड़े कहते हैं कि तुलसी कुमार के साथ इस गीत पर काम करना अद्भुत था। वह अपने गायन और नृत्य दोनों में एक मासूमियत और चंचलता लाती है और हमने इसे गीत में कोरियोग्राफी के माध्यम से कैद किया है।गायक मनन भारद्वाज कहते हैं, मैंने पहले भी तुलसी के लिए रचनाओं पर काम किया है, लेकिन जो मुझे दीवाना करदे खास है, क्योंकि मुझे इस बार उनके साथ गाने का मौका मिला है। हमने एक साथ गाने पर काम किया है।

# आमिर के साथ पहली बार पर्दे पर नजर आएंगी आलिया



आलिया भट्ट ने कई बड़े निर्देशकों और अभिनेताओं के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें कभी बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के साथ काम करने का मौका नहीं मिला। अब खबर है कि अभिनेत्री जल्द ही आमिर के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। हालांकि, यह कोई फिल्म नहीं, बल्कि कमर्शियल होगा, जिसके लिए दोनों साथ आ रहे हैं। खबर है कि आलिया के इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया जल्द ही एक विज्ञापन में आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। मुंबई फिल्म सिटी में बीते दिन इसकी शूटिंग हुई है। यह एक शानदार कॉन्सेप्ट है, जिसमें आमिर और आलिया साथ में बेहद क्यूट लग रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब आलिया को इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव मिला तो वह फूली नहीं समाई। वह पहली बार आमिर के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित और खुश थीं।

आलिया इससे पहले फिल्म डियर जिंदगी में शाहरुख खान के साथ काम कर चुकी हैं। उनकी इस फिल्म की दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी तारीफ की थी। फिल्म इंशाअल्लाह में उनकी जोड़ी सलमान खान के साथ बनी थी, लेकिन यह फिल्म डिब्बाबंद हो गई।

बता दें कि दिल्ली में फिल्म आरआरआर के प्रमोशनल इवेंट में भी आमिर और आलिया को स्टेज शेयर करते हुए देखा गया था। आमिर, जूनियर एनटीआर, राम चरण तेजा और आलिया से नाटो नाटो गाने के सिग्नेचर स्टेप सीखते दिखे थे। स्टेज पर साथ डांस करने के बाद अब आमिर और आलिया विज्ञापन में साथ दिखेंगे। कयास तो ये भी लगाए जा रहे हैं कि दर्शकों को उन्हें फिल्म में साथ देखने की चाहत भी जल्दी पूरी होने वाली है।

आलिया जल्द ही फिल्म ब्रह्मास्त्र में दिखेंगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर के साथ उनकी जोड़ी बनी है। वह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में काम कर रही हैं, वहीं उनकी फिल्म डार्लिंग्स भी चर्चा में है। करण जौहर की बड़े बजट की फिल्म तख्त और फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा भी आलिया के खाते से जुड़ी है। इसके अलावा वह अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन मे एक्ट्रेस गैल गैडोट के साथ दिखाई देंगी। आमिर पिछले काफी समय से फिल्म लाल सिंह चड्ढा को लेकर चर्चा में है। यह हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप का हिंदी रीमेक है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। इस फिल्म की कहानी अतुल कुलकर्णी और एरिक रोथ ने साथ में लिखी है। फिल्म में आमिर के साथ करीना कपूर खान नजर आएंगी। लाल सिंह चड्ढा पहले 14 मार्च को रिलीज होने वाली थी और अब यह 11 अगस्त, 2०22 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# प्राइम वीडियो ने रियल लीगल ड्रामा मूवी गिल्टी माइंड्स के लिए किया बड़ा एलान

प्राइम वीडियो ने आज अपना पहला लीगल ड्रामा गिल्टी माइंड्स का एलान कर दिया है, जिसमें श्रिया पिलगांवकर (मिर्जापुर) और वरुण मित्रा (जलेबी, तेजस) लीड रोल में दिखाई दे रहे है। शेफाली भूषण द्वारा रचित व निर्देशित, और जयंत दिगंबर समलकर द्वारा सह-निर्देशित यह लीगल ड्रामा, दो युवा और महत्वाकांक्षी वकीलों की यात्रा की जिंदगी और संघर्ष के बारें में है।

जहां, एक सद्गुण का प्रतीक है, वहीं दूसरा एक जानी-मानी कानूनी फर्म के साथ जुड़ा हुआ है, जो सभी तरह के मुसीबतों को झेलना पड़ गया है। इस सीरीज़ में नम्रता शेठ, सुगंधा गर्ग, कुलभूषण खरबंदा, सतीश कौशिक, बेंजामिन गिलानी, वीरेंद्र शर्मा, दीक्षा जुनेजा, प्रणय पचौरी, दीपक कालरा और चित्रांगदा सतरूपा भी लीड रोल को प्ले कर रहे है और इसमें करिश्मा तन्ना, शक्ति कपूर और सुचित्रा कृष्णमूर्ति जैसे अभिनेताओं का गेस्ट अपीयरेंस देते हुए नज़र आने वाले है। बता दें कि करण ग्रोवर द्वारा निर्मित और अंतरा बेनर्जी व नावेद फारूकी द्वारा सह-निर्मित, इस कोर्ट रूम ड्रामा में, वकीलों द्वारा पेचीदा केस लड़े जाते हैं, जिनकी विचारधाराएं आपस में टकराती हुई नज़र आती है। इंडिया एवं 24० देशों और क्षेत्रों में प्राइम मेंबर्स 22 अप्रैल, 2०22 से इस अमेज़ॉन ओरिजिनल सीरीज़ को स्ट्रीम कर पाएंगे।

# फिल्म ऑपरेशन रोमियो का ट्रेलर रिलीज

नीरज पांडे ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्में निर्देशित की हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन रोमियो भी पिछले काफी समय से सुर्खियों में है, जिससे नीरज बतौर निर्माता जुड़े हैं। अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी राह दर्शक बेसब्री से देख रहे थे। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म में सिद्धांत गुप्ता और वेदिका पिंटो ने अहम भूमिका निभाई है।

ट्रेलर की शुरुआत एक युवा जोड़ी की प्रेम कहानी से होती है, लेकिन फिर उसका सामना एक पुलिस अधिकारी से होता है, जो उनका इस्तेमाल करता नजर आता है। पुलिसवाला लड़की को पीछे की सीट पर अपने साथ बिठाता है। उसका साथी आगे युवक के साथ बैठता है। फिर जो होता है, वह रोंगटे खड़े करने वाला है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक युवा द्वारा किस तरह से पुलिस प्रशासन की बदसलूकियों के खिलाफ आवाज उठाई जाती है?

ऑपरेशन रोमियो में एक भावुक कर देने वाल प्रेम कहानी दिखाई गई है। फिल्म में दो युवाओं की एक खिलखिलाती लव स्टोरी का अचानक पुलिस प्रशासन की डरावनी दुनिया में शिफ्ट होना ध्यान खींचता है। फिल्म के जरिए एक महत्वपूर्ण विषय को छुआ गया है।

इस फिल्म का निर्देशन शशांत शाह ने किया है। उन्होंने कहा, मेरे लिए ऑपरेशन रोमियो से बेहतर और कोई विषय हो नही सकता था। मैं वास्तव में इसकी रिलीज का इंतजार कर रहा हूं। आप सभी 22 अप्रैल को सिनेमाघरों में इस फिल्म को जरूर देखें। दूसरी तरफ फिल्म के निर्माता नीरज पांडे ने कहा, एक सच्ची घटना पर आधारित यह एक अनोखी थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी सभी पीढ़ियों को जाननी चाहिए। कई युवा इससे जूझ रहे हैं।

ऑपरेशन रोमियो मलयालम फिल्म इश्क: नॉट ए लव स्टोरी का हिंदी रीमेक है। अनुराज मनोहर ने इसका निर्देशन किया था। फिल्म उनके जीवन में घटी एक सच्ची घटना से प्रेरित है, जिसने उन्हें इश्क बनाने के लिए प्रेरित किया था। फिल्म कोच्चि के एक व्यक्ति साची और उसकी प्रेमिका वसुधा के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें शेन निगम और एन शीतल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। 2०19 में आई इस फिल्म की समीक्षकों ने भी तारीफ की थी।

निर्देशक, निर्माता और स्क्रीनराइटर नीरज पांडे ए वेडनेसडे, बेबी, रुस्तम और एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी जैसी सफल फिल्म दें चुके हैं। उन्हें वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स से भी काफी शोहरत मिली है। वह हिट तमिल फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक पर काम कर रहे हैं, जिसमें ऋतिक रोशन और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं। बतौर निर्देशक नीरज पांडे चाणक्य के जीवन पर भी एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन लीड रोल में हैं।

# रूसी तेल खरीद कर क्या मिलेगा ?

अजीत द्विवेदी

आपदा में अवसर देख रही भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। पिछले पूरे साल में भारत ने रूस से करीब डेढ़ करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदा था, जो भारत के कुल तेल आयात का महज दो फीसदी था। लेकिन इस साल फरवरी से लेकर अभी तक भारत की पेट्रोलियम कंपनियों ने एक करोड़ 3० लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद कर ली है। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी होगी क्योंकि रूस ने भारत को 35 डॉलर प्रति बैरल के डिस्काउंट पर तेल देने का प्रस्ताव दिया है और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए कहा है कि भारत को अगर सस्ता तेल मिलता है तो उसे खरीदने में कोई दिक्कत नहीं है। इसका मतलब है कि भारत आर्थिक, कूटनीतिक और राजनीतिक तौर पर रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाने के लिए तैयार है।

कायदे से इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में एक डॉलर के फर्क से भी खुदरा कीमत पर बड़ा असर होता है, जबकि रूस 35 डॉलर का डिस्काउंट देने को तैयार है। लेकिन रूस से तेल खरीद का मामला इतना सरल नहीं है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने खुद ही पिछले दिनों कहा कि इसमें कई चीजें अभी तय होनी बाकी है, जिसमें भुगतान के तरीके से लेकर तेल ढुलाई पर होने वाले खर्च का मामला शामिल है। रूस चाहता है कि डॉलर और यूरो की बजाय उसे तेल का भुगतान रूबल में हो। रूबल में भुगतान करने में समस्या यह है कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दुनिया भर के देशों ने रूस पर जो पाबंदी लगाई है उससे रूबल की स्थिति कमजोर हुई है। उसमें स्थिरता नहीं है और उसमें भुगतान का समझौता करना जोखिम का काम हो सकता है।

जहां तक तेल ढुलाई का सवाल है तो रूस से भारत तक तेल ले आना हमेशा ज्यादा खर्च का काम होता है और इसमें समय भी बहुत ज्यादा लगता है। सितंबर 2०19 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा के समय वैकल्पिक रास्ते को लेकर चर्चा हुई थी। अभी तक भारत स्वेज नहर के रास्ते सेंट पीटर्सबर्ग से चेन्नई तक कच्चा तेल ले आता है। इसमें 35 से 36 दिन का समय लगता है। अगर रूस के व्लादिवोस्टोक बंदरगाह से कच्चा तेल भारत लाया जाता है तो उसमें 19 दिन का समय लगेगा लेकिन वह रास्ता दक्षिण चीन सागर और मलाक्का की खाड़ी से होकर गुजरता है। इससे खर्च तो थोड़ा कम होगा लेकिन यह बहुत सुरक्षित और सुगम रास्ता नहीं है। यहीं कारण है कि रूस से भारत की खरीद कभी भी बहुत ज्यादा नहीं रही है।

भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी तेल आयात करता है लेकिन सिर्फ दो फीसदी आयात रूस से होता है, जबकि 53 फीसदी आयात खाड़ी के देशों से होता है। भारत अपनी जरूरत का 15 फीसदी तेल अफ्रीका से खरीदता है और 14 फीसदी अमेरिका से। अभी अचानक अगर रूस से खरीद बढ़ा दी जाती है तो कई संतुलन बिगड़ेंगे और भारत का खर्च बढ़ेगा। एक बड़ा सवाल यह भी है कि रूस अभी यूक्रेन से युद्ध के पहले वाली कीमत पर भारत को तेल देने के लिए तैयार है। यह कीमत 7० से 75 डॉलर प्रति बैरल की है। सो, मौजूदा कीमत यानी एक सौ डॉलर प्रति बैरल की कीमत के मुकाबले यह कम है और इसलिए भारत को बीमा और ढुलाई पर होने वाले ज्यादा खर्च के बावजूद इसकी कीमत कम पड़ रही है। लेकिन जब युद्ध खत्म होगा और कीमतें कम होंगी तब क्या होगा?

ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रस से मुलाकात के दौरान गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर उनका ध्यान खींचा था। जयशंकर ने कहा था कि जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो देशों के लिए स्वाभाविक है कि वे सस्ता विकल्प खोजें लेकिन दो-तीन महीने इंतजार करें और रूस से तेल व गैस खरीदने वाले बड़े खरीदारों को देखें तो तस्वीर वहीं रहेगी, जो पहले थी। उन्होंने कहा कि भारत शीर्ष 1० खरीदारों में भी नहीं होगा। सोचें, इसके बावजूद इसे मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है कि भारत सस्ता कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है।

ध्यान रहे दुनिया ने इस समय रूस को अछूत बनाया हुआ है। उसने यूक्रेन पर हमला करके विश्व की शांति भंग की है और अव्यवस्था पैदा की है। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर पाबंदी लगाई हुई है। रूस से भारतीय कंपनियों का तेल खरीदना हालांकि उस पाबंदी का उल्लंघन नहीं है पर भारत को ध्यान रखना चाहिए कि इसे लेकर अमेरिका ने क्या कहा है। अमेरिका ने कहा है कि भारत का रूस से तेल खरीदना अमेरिकी पाबंदी का उल्लंघन नहीं है लेकिन इतिहास में इस बात को याद रखा जाएगा कि युद्ध के समय भारत ने रूस का साथ दिया था। इसके जवाब में भारत की ओर से यूरोपीय देशों का हवाला दिया जा रहा है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहे हैं और जर्मनी जैसे कुछ देशों ने तो रूबल में भुगतान की रूस की शर्त भी मान ली है।

सवाल है कि क्या यूरोपीय देशों और भारत के रूस से तेल व गैस खरीद का मामला एक जैसा है? दोनों मामले बिल्कुल अलग हैं। यूरोपीय देश पहले से रूस से तेल व गैस की खरीद पर निर्भर हैं। इसलिए वे अचानक खरीद बंद करते हैं तो उनके यहां ऊर्जा का संकट होगा। इसके उलट भारत पहले से रूस से तेल व गैस ज्यादा नहीं खरीदता है इसलिए भारत के सामने कोई संकट नहीं है। भारत सिर्फ कुछ पैसों की बचत के लिए रूस से तेल खरीद बढ़ा रहा है ताकि उसका आयात बिल कम हो और वह देश में खुदरा कीमत को स्थिर रख सके। तेल की बढ़ती खुदरा कीमत सरकार की छवि के लिए अच्छा नहीं है इसलिए रूस से सस्ता तेल खरीद बढ़ाने की तैयारी हो रही है। ध्यान रहे यूरोपीय देश पैसे बचाने के लिए खरीद नहीं कर रहे हैं। उलटे वे करोड़ों-अरबों डॉलर की मदद यूक्रेन को दे रहे हैं। इसके उलट भारत यूक्रेन को कोई मदद नहीं कर रहा है। बहरहाल, भारत सरकार चाहे तो उत्पाद शुल्क में कटौती करके थोड़े दिन तक कीमतों को स्थिर रख सकती है। लेकिन उसे उत्पाद शुल्क नहीं घटना है और न पेट्रोलियम कंपनियों का मुनाफा कम होने देना है। इसलिए वह देश की अंतरराष्ट्रीय साख दांव पर लगा कर दुनिया में अछूत बने रूस से तेल की खरीद बढ़ाएगा। यह बहुत नासमझी वाला कूटनीतिक फैसला होगा। यह संकट थोड़े दिन का है पर इससे भारत की साख और छवि स्थायी तौर पर बिगड़ेगी।

## एक दूसरे से अलग हुए ईशान- अनन्या...!

बीते कुछ वर्षों अनन्या पांडे और ईशान खट्टर एक-दूसरे संग रिलेशनशिप की खबरों को लेकर बहुत ही ज्यादा चर्चाओं में बने हुए थे। दोनों को कई बार एक साथ पार्टीज और हॉलिडे डेस्टिनेशन पर भी स्पॉट किया भी किया जा चुका है। ख़बरों की माने तो, अनन्या और ईशान ने तीन साल डेटिंग के उपरांत अब ब्रेकअप लिया है। अभी अभी मिली जानकारी के अनुसार तीन साल तक डेटिंग के उपरांत इस कपल ने अब एक-दूसरे से अपनी राहें अलग कर चुके है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह निर्णय दोनों ने आपसी सहमति से लिया है। दोनों के मध्य आपसी सामंजस्य की कमी थी। दोनों का चीजों और हालात को देखने का अपना-अपना अलग तरीका है। ऐसे में दोनों एकसाथ वह इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ा पा रहे थे, जिसके चलते उन्होंने राहें अलग करने का फैसला लिया।

कहा जा रहा है कि दोनों ने ब्रेकअप जरूर कर लिया है, लेकिन उनकी दोस्ती कायम रहने वाली है। इतना ही नहीं, अगर उन्हें कभी मूवी करने का मौका मिलता है, तब भी दोनों एक साथ काम करने वाले है। दोनों इस ब्रेकअप को समझदारी और मैच्योरिटी के साथ हैंडल करना चाह रहे है। इतना ही नहीं अनन्या पांडे और ईशान खट्टर बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों में से एक है। दोनों की मुलाकात फिल्म खाली पीली के सेट पर हुई थी। तब से दोनों अपने रिलेशनशिप की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे । भले ही आज कपल के ब्रेकअप की खबरें आ रही हों, लेकिन दोनों ने इससे पहले कभी भी अपने अफेयर की बात नहीं स्वीकारी। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# आपके लुक को खराब कर सकती हैं मेकअप से जुड़ी ये गलतियां!

मेकअप आज के समय में महिलाओं के जीवन का हिस्सा बन चुका हैं जिसके बिना वे घर से बाहर तक निकलना पसंद नहीं करती हैं। और जब बात किसी पार्टी या शादी-समारोह की हो तो बिना मेकअप काम ही नहीं चलता हैं। मेकअप आपके लुक को निखारते हुए आकर्षक बनाने का काम करता हैं। लेकिन देखा जाता हैं कि महिलाएं कई बार मेकअप के दौरान कुछ गलतियां कर बैठती हैं क्योंकि उन्हें मेकअप से जुड़ी सही जानकारी नहीं होती हैं। मेकअप से जुड़ी ये गलतियां उनका लुक खराब करती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको उन्हीं गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका ध्यान रखना जरूरी हैं।

गलत रंग का फाउंडेशन

यह आमतौर पर होने वाली गलती है। अक्सर महिलाएं गलत रंग का फाउंडेशन इस्तेमाल कर लेती हैं, जिससे उनका लुक खराब हो जाता है। आपको फाउंडेशन खरीदने से पहले उसे लगाकर देखना चाहिए। आपको अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही फाउंडेशन चुनना चाहिए, तभी आप सही मेकअप कर पाएंगी।

पुराने और गंदे मेकअप ब्रश

अगर आप मेकअप करते वक्त पुराने व गंदे मेकअप ब्रश का इस्तेमाल करती हैं तो आपका मेकअप कभी सही तरह से नहीं होगा। इन ब्रशेज की वजह से आपकी स्किन को नुकसान भी हो सकता है। कोशिश करें कि अपने ब्रशेज को अच्छे से धोकर रखें और जरूरत हो तो नए ब्रश खरीदने में कंजूसी न करें।

ज्यादा पाउडर



अगर आप ज्यादा पाउडर लगाती हैं तो आपके चेहरे पर उम्र का प्रभाव तेजी से दिखने लगेगा। खासकर ऑयली स्किन वाली महिलाएं इसका ज्यादा इस्तेमाल करती हैं हालांकि, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि ज्यादा ऑयली जगहों पर ज्यादा पाउडर लगाने की वजह से आपका मेकअप हैवी लग सकता है और आपकी स्किन को ग्रेइश टोन दे सकता है। इसलिए पाउडर हमेशा ब्रश को झाड़ कर लगाएं। पफ से लगाने से भी यह ज्यादा लग सकता है।

ब्लश

सही ब्लश लगाने से चेहरे और गालों पर नेचुरल ग्लो आता है। ब्लश शेड को होंठों के रंग और स्किन टोन के आधार पर चुना जाना चाहिए। फेयर और मीडियम स्किन टोन के साथ पिंक, पीच शेड्स का ब्लश अच्छा लगता है। ऑरेंज और ब्रोंच कलर मीडियम कलर की स्किन टोन के अनुरूप होते हैं। सही शेड और ब्लश के टाइप चुनने से आप जवां और शाइनी दिख सकती हैं। ब्लश गालों पर होना चाहिए और इसे ऊपरी स्ट्रोक की ओर लगाया जाना चाहिए।

सही मॉइश्चराइजर न चुनना

मेकअप एक्सपर्ट अनुग डोगरा कहते हैं, ज्यादातर लोग मेकअप करने से पहले अपनी स्किन को तैयार नहीं करते। इसका मतलब है कि मेकअप लगाने से पहले सही मॉइश्चराइजर का चुनाव करें ताकि मेकअप से पहले आपकी स्किन मेकअप करवाने के लिए तैयार हो सके। आमतौर पर एक उम्र के बाद स्किन ड्राई हो जाती है और अगर आप ड्राई स्किन पर सीधे मेकअप लगाएंगी तो मेकअप पैची दिखेगा। लिहाजा रेग्युलर लोशन में इसेंशल ऑइल की 2-3 बूंदें मिलाकर स्पॉन्ज से पूरे चेहरे पर लगाएं।

काजल के प्रति आपका ऑब्सेशन

मेकअप एक्सपर्ट शगुन गुप्ता कहती हैं कि ज्यादातर लोग अब भी यही मानते हैं कि काजल लगाने से उनकी आंखें बड़ी-बड़ी दिखती हैं इसलिए काजल के प्रति लड़कियों और महिलाओं का ऑब्सेशन बना रहता है। लेकिन ये सच नहीं है। काजल आपकी आंखों को डिफाइन जरूर करता है लेकिन आंखों को बड़ा नहीं छोटा दिखाता है खासकर ब्लैक काजल। सचमुच आंखों को बड़ा दिखाना है तो ब्लैक काजल की जगह वाइट या न्यूड काजल ट्राई करें।(आरएनएस)

# इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल ने विश्व कीर्तिमान स्थापित किया



संवाददाता

देहरादून। इन्दिरा आईवीएफ हास्पिटल ने एक लाख सफल आईवीएफ प्रेग्नन्सी का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। आज यहां इस उपलक्ष्य में कैंट विधायक सविता कपूर ने बल्लूपुर स्थित हॉस्पिटल की सेंटर हेड व मुख्य चिकित्सक ( महिला रोग) डाक्टर रीमा सरकार से भेंट की और बधाई दी।

श्रीमती सविता कपूर ने आधुनिकतम आईवीएफ से लैंस इन्दिरा आईवीएफ हास्पिटल का दौरा भी किया तथा संतान की अपेक्षित दम्पत्तियों को भी सम्बोधित भी कियां। पूरे भारत में 107 से भी ज्यादा शाखाओं वाले इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल एक लाख सफल प्रेग्नन्सी करने वाला विश्व का पहला आईवीएफ संगठन है।

# दुकानदार से लूटे 12 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। दुकान बंद कर रहे दुकान से तीन लोगों से हजारों रूपये से भरा थैला लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोथरोवाला निवासी अतुल सिंह रांगड ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मोथरोवाला में पाईप कि दुकान है गत दिवस को सांय सात बजे के लगभग में दुकान बन्द कर रहा था तथा सामने के दरवाजे बन्द कर दिये थे, इतने में साईड के दरवाजे से 3 अज्ञात व्यक्ति मेरी दुकान में आये तथा मेरे हाथ से मेरा थैला छिन लिया जिसमें 12 हजार रुपये तथा मेरा एटीएम कार्ड, डीएल लेकर चले गये। वह शोर मचाता उससे पहले ही वह फरार हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सीएम धामी ने महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरी जी महाराज से भेंट कर उनका आर्शीवाद लिया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रूड़की स्थित जीवनदीप आश्रम में महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरी जी महाराज से भेंट कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी विधायक रूड़की श्री प्रदीप बत्रा के सिविल लाइन स्थित निवास पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में विधिपूर्वक कन्याओं का पूजन किया। इस अवसर पर रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. योगेन्द्र सिंह रावत तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## इस साल सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी चारधाम...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

चुकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यटन के विकास के लिए अभी बहुत सारे काम करने होंगे उन्होंने सड़कों को और अधिक बेहतर बनाने तथा हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा बनाने की जरूरत बताई। इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन धर्मपुर क्षेत्र के एक होटल में किया गया था जिसमें मौजूद धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने कहा कि बीते साल 35 लाख श्रद्धालु चार धाम यात्रा पर आए थे लेकिन इस साल एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यटकों के साथ अतिथि देवो भव: की संस्कृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जिससे लोग राज्य की अच्छी छवि लेकर वापस जाएं। कार्यक्रम में पर्यटन कारोबारियों ने भी भाग लिया।

# डोईवाला में तहसीलदार की नियुक्ति की मांग



विशेष संवाददाता

डोईवाला। प्रोटोकॉल अधिकारी सहित नये तहसीलदार की नियुक्ति की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा डोईवाला द्वारा आज उप जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया है।

निवर्तमान तहसीलदार के एक सप्ताह पूर्व रिटायर्ड होने के बाद अभी तक डोईवाला तहसील में किसी नये तहसीलदार की नियुक्ति नहीं होने के कारण छात्रों सहित अन्य व्यक्तियों को प्रमाण पत्र आदि बनवाने में हो रही परेशानी को देखते हुए आज संयुक्त किसान मोर्चा डोईवाला ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की कि एक सप्ताह से तहसील में तहसीलदार के न होने के कारण स्कूली छात्रों को स्कूल तथा आई टी आई आदि में एडमिशन लेने के लिए जरूरी प्रमाण पत्रों की आवश्यकता होती है तथा अन्य लोगों के कार्य भी बाधित हो रहे हैं जिसके लिए तहसील में तहसीलदार का होना अति आवश्यक है एवं इसके अलावा नजदीक हवाई अड्डा होने के कारण तहसीलदार को वी आई पी ड्यूटी पर भी जाना पड़ता है। इसलिए कार्य बाधित न हो इसलिए तहसील में एक प्रोटोकाल अधिकारी की भी आवश्यकता है

मोर्चे के नेताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर शीघ्र समाधान की मांग की। उप जिलाधिकारी ने किसान नेताओँ को आश्वस्त करते हुए शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन प्रेषित करने वालो में मुख्य रूप से संयुक्त किसान मोर्चे के अध्यक्ष ताजिन्दर सिंह, बलबीर सिंह, उमेद बोरा, मोहित उनियाल, एडवोकेट महेश लोधी आदि प्रमुख थे।

# शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने निर्मल आश्रम मायाकुण्ड के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए



देखा तो उसको रूकने का इशारा कियाा तो वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 48 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम विनय पुत्र झगडूराम निवासी बाल्मीकि मन्दिर के पास बाल्मीकि बस्ती बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला निवासी देवेन्द्र सिह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र युवराज सिंह कण्डारी एक जनवरी को अपनी स्कूटी से पर अपने दोस्तों के साथ डोईवाला से थानुवाला जा रह था, जिसको उपरोक्त कार इनोवा जिसका मालिक हरेन्द्र सिंह पता राजेन्द्र नगर, दिल्ली (जिसका नाम व पता हमें बाद में पुलिस से पता चला) ने लापरवाही, और तेज रफ्तार से सामने से टक्कर मार दी थी ।

आस पास के राहगीरों ने उसके पुत्र युवराज सिंह की गम्भीर, चोटिल अवस्था और उसकी जख्मी हालत को देखकर एम्बुलेन्स के जरिये जख्मी हालत में हिमालयन अस्पताल जोलीग्रान्ट भर्ती करवाया गया और उसके बेटे के दोस्त द्वारा उसको फोन पर सूचना दी गई । जब वह हिमाल्यन अस्पताल जोलीग्रान्ट पहुंचा तो मुझे डक्टरों ने बताया कि आपके बेटे की हालत काफी गम्भीर है, काफी गहरी चोटें आई है, वह अभी इमरजेन्सी में है और काफी सीरियस हालत में है और डक्टर साहब ईलाज कर रहे हैं । दो दिन उसके बेटे की गम्भीर हालत को देखते हुए दिल्ली एम्स रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 12 बोर की अवैध बंदूक व 3 कारतूस सहित एक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नैनीताल। अराजक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कल देर शाम एक व्यक्ति को 12 बोर की अवैध बंदूक व तीन कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना तल्लीताल पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को रूसी बाइपास पुल के समीप एक कार सवार संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया।

पुलिस ने जब उसे रोक कर कार की तलाशी ली हो उसके पास से पुलिस ने 12 बोर की अवैध बंदूक व 3 कारतूस बरामद किये। जिनके वह कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने अपना नाम हिन्देश्वर मोमी पुत्र हरिकिशन मोमी निवासी वामदेबपुर धमोला थाना कालाढूंगी जिला नैनीताल बताया।

पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



## एक नजर


# हाफिज सईद के बेटे हाफिज तलहा को गृह मंत्रालय ने आतंकी घोषित किया

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने आतंकी हाफिज सईद के बेटे हाफिज तल्हा सईद को यूएपीए के अधिनियम १६६७ के तहत आतंकी घोषित किया है। अधिसूचना में बताया गया है कि वो लश्कर–ए–तैयबा आतंकवादी संगठन का एक वरिष्ठ नेता और लेट्स के मौलवी विंग का प्रमुख है। वह भारत में लश्कर–ए–तैयबा और अफगानिस्तान में भारतीय हितों की भर्ती फंड इकट्ठा करने, योजना बनाने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल है। मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड और प्रतिबंधित जमात–उद–दावा के मुखिया हाफिज सईद के बेटे हाफिज तलहा को गृह मंत्रालय द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, १६६७ के प्रावधानों के तहत नामित आतंकवादी घोषित किया गया है।मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि हाफिज तल्हा सईद लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के आतंकी संगठन का एक वरिष्ठ नेता और लेट्स के मौलवी विंग का प्रमुख है। अधिसूचना में कहा गया है कि वह भारत में लश्कर–ए–तैयबा और अफगानिस्तान में भारतीय हितों की भर्ती, फंड इकट्ठा करने, योजना बनाने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल है।



# इस साल केवल 10 लाख लोग ही कर पाएंगे हज

नई दिल्ली । इस साल सऊदी अरब सरकार ने केवल १० लाख लोगों को ही हज करने की इजाजत दी है। इन १० लाख लोगों में वो लोग भी शामिल होंगे जो सऊदी के अंदर रह रहे हो और जो लोग विदेश से सऊदी हज करने आएंगे। सऊदी सरकार ने सऊदी में रह रहे लोग और विदेश से आए लोगों को मिलाकर कुल १० लाख लोगों को ही हज करने देगा। यह फैसला कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो, सऊदी सरकार ने यह भी एलान किया है कि वह केवल दोनों डोज लिए हुए हज यात्री को हज करने की इजाजत देगा। सऊदी हुकुमत के इस फैसले से कई लोग प्रभावित होंगे। हज २०२२ को लेकर सऊदी सरकार ने यह एलान किया है कि इस साल कोरोना वायरस के दोनों डोज लिए हुए केवल १० लाख लोग ही हज कर पाएंगें। पूरी दुनिया में अब भी कोरोना के संक्रमण का डर बना हुआ है, इसे देखते हुए यह फैसला लिया गया है। सऊदी के मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जो लोग हज पर आएंगे उन्हें नेगेटिव कोरोना टेस्ट रिपोर्ट के साथ कुछ अन्य स्वास्थ्य संबंधी कागजात भी देने होंगे।



# एशिया में बढ़ रहे हैं कोरोना के मामले, यूरोप में फैल रही है नई लहरः एंटोनियो गुटेरेस

जेनेवा । विश्व में फैल रही कोरोना महामारी को लेकर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने आगाह किया है कि कोविड–१६ महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, क्योंकि एशिया में बड़े पैमाने पर इसके मामले दर्ज किए जा रहे हैं। यूएन महासचिव ने शुक्रवार को गावी कोवैक्स एडवांस मार्केट कमिटमेंट समिट–२०२२ में दिए एक वीडियो संदेश श्वन वर्ल्ड प्रोटेक्टेड–ब्रेक कोविड नाउश में कहा, यह बैठक इस बात की याद दिलाने के लिए अहम है कि कोविड–१६ महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। रोजाना औसतन १५ लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। एशिया में बड़े पैमाने पर मरीज मिल रहे हैं। पूरे यूरोप में एक नयी लहर फैल रही है। गुटेरेस ने कहा कि अगले स्वरूप की दस्तक को लेकर 'अगर' नहीं, बल्कि 'कब' का सवाल उठना चाहिए। उन्होंने कहा, हम इस साल के मध्य तक हर देश की ७० प्रतिशत आबादी के टीकाकरण के लक्ष्य से बहुत दूर हैं। यूएन महासचिव ने कहा कि कुछ देशों में महामारी की शुरुआत के बाद से मृत्यु दर सबसे अधिक दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि, कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप ने सबको हैरत में डाल दिया था और यह इस बात की याद दिलाता है कि, उच्च टीकाकरण दर के अभाव में वायरस कितनी जल्दी उत्परिवर्तित होकर फैल सकता है।



# बाइक के खाई में गिरने से पति की मौत, पत्नी गम्भीर घायल



हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक बाइक के खाई में गिर जाने से जहां बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हुई है। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ द्वारा मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाते हुए मृतक के शव को खाई से बाहर निकालकर घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह एसडीआरएफ को सूचना मिली कि दोहीरा बैंड कालसी के पास एक बाइक खाई में गिर गई है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर ज्ञात हुआ कि उक्त बाइक में पति-पत्नी सवार थे। जो अपने निवास स्थान ग्राम हयोथ चकराता से विकासनगर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि दोहीरा बैंड कालसी के पास बाइक अनियंत्रित हो गयी और लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई व उसके पति की मौके पर ही मृत्यु हो गई है।

एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों द्वारा सयुंक्त ऑप्रेशन चलाकर घायल महिला नाम इन्दो देवी पत्नी नरेंद्र सिंह निवासी चकराता को खाई से बाहर निकालकर 108 के माध्यम से अस्पताल भेजा गया व उसके उपरांत मृत पुरुष नरेंद्र सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी चकराता का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# बैंक को लगायी डेढ़ करोड़ की चपत

संवाददाता

देहरादून। फर्जी कम्पनी बनाकर बैंक को एक करोड 65 लाख की चपत लगायी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय एस्लेहल राजपुर रोड के प्रबंधक अरुण कुमार पाठक पुत्र रघुबीर पाठक ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बन्धक सम्पत्ति को मैसर्स स्वास्तिक लाईफ साईस प्रोपराईटर शिप फर्म द्वारा प्रोपराईटर अनुज कुमार सिंह पुत्र स्व० बृज बिलास सिंह मौहल्ला प्रीत विहार, तहसील रुडकी जिला हरिद्वार द्वारा क्रय करने की इच्छा जताई तथा बैंक से उक्त बन्धक सम्पत्ति को क्रय करने हेतु एवं उस सम्पत्ति में व्यापार करने हेतु 56 लाख रुपये टर्म लोन एवं 94 लाख रुपये केश क्रेडिट के रुप में ऋण हेतु आवेदन किया। अनुज कुमार सिंह को 29 मार्च 2018 को ऋण स्वीकृत कर अनुज कुमार सिंह को बैंक ने सम्पत्ति को विक्रय कर उसके पक्ष में ब्रिकी प्रमाणपत्र जारी कर दिया। सम्पत्ति सिडकुल की थी तो सिडकुल की देय धनराशि जिसका भुगतान बैंक द्वारा सिडकुल को कर दिया गया। अनुज कुमार सिंह ने सम्पत्ति की लीज डीड अपने नाम से सिडकुल से न कराकर बैंक एवं सिडकुल को धोखे में रखकर सम्पत्ति को मैसर्स गणेश इंटरप्राइशेज नासिक के नाम कराकर उक्त सम्पत्ति को विक्रय कर बैंक से धोखाधडी की है। अनुज कुमार की तरफ बैंक की एक करोड 65 लाख की देनदारी है।

# बाल श्रम पर मुकदमा

देहरादून (सं)। पुलिस ने बाल श्रम पर सुनार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिंकी टम्टा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मुख्य बाजार में स्थित ज्वैलर्स अंशुल द्वारा 14 साल के बच्चे से काम करवाया जा रहा है। पुलिस ने 3/14 बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भाजपा के मुस्लिम कार्यकर्ता से मारपीट, 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता

रुद्रपुर। भाजपा संगठन से जुड़े एक मुस्लिम कार्यकर्ता ने भाजपा के लिए काम करने पर अपने ही समुदाय के कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है और अपनी सुरक्षा की मांग की गई है।

मामला रुद्रपुर का है जहां भाजपा के जिला संगठन मंत्री अनीश मिंया ने अपनी ही बिरादरी के लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है अनीश का आरोप है कि कुछ लोगों को उसका भाजपा का प्रचार करना तथा भाजपा को वोट देना नागवार लगता है। भाजपा संगठन के साथ जुड़े होने और भाजपा का प्रचार करने के कारण उसके कुछ पड़ोसी उससे रंजिश रखते हैं।

अनीस ने अपने 10 पड़ोसियों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई

## ❑भाजपा के लिए प्रचार करने व वोट देने का मामला

है और उन पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अपने व अपने परिवार को उनसे जान माल का खतरा होने की बात कही गई है। अनीश का कहना है कि उसने विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा का प्रचार किया था तथा भाजपा को वोट दिया था जिसके बाद से उसे कुछ लोगों द्वारा डराया धमकाया जा रहा था। उसने 10 लोगों पर अपने साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। अनीस ने इन लोगों से अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग भी की है। जिन लोगों के खिलाफ अनीस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है वह उसके पड़ोसी हैं तथा सभी मुस्लिम समुदाय से ही हैं।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही है अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है पुलिस इस घटना के पीछे अन्य कारणों के होने की जांच भी कर रही है। उत्तराखंड में भले ही यह अपनी तरह का पहला मामला है लेकिन यूपी में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# महिला की आईडी हैक कर अश्लील फोटो डालने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। इंस्टाग्राम आईडी हैक कर युवती की अश्लील फोटो डाउनलोट करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थनपुर निवासी महिला ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि किसी ने उसकी इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर लिया है, एक बहुत ही खराब नाम का उपयोग करके और उसकी सभी तस्वीरों का उपयोग करके। अज्ञात व्यक्ति मुझे इंस्टाग्राम पर भी मैसेज कर रहा है। मेरे इंस्टाग्राम अकाउंट है। अब अज्ञात व्यक्ति उसके इन दो खातों से तस्वीरें ले रहा है और एक बहुत ही आपत्तिजनक और आकर्षक नाम का उपयोग करके एक नकली खाता बना रहा है और वह अनुरोध भेज रहा है और मेरे ज्ञात व्यक्तियों और नकली इंस्टाग्राम आईडी का अनुसरण कर रहा है। आपत्तिजनक और आकर्षक नाम हैं और मेरी तस्वीरें अश्लील इंस्टा आईडी सैक्स की दीवानी, सैक्स चेट गर्ल के माध्यम से साझा की जाती हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*